भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *210

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

तिरुपति बस टर्मिनल अवसंरचना

*210. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में तिरुपति बस स्टैंड पर "नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड" द्वारा आरंभ किए गए "इंटर मॉडल स्टेशन" (यात्री परिवहन टर्मिनल अवसंरचना) के विकास कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस परियोजना के पूरा होने की समय-सीमा और परिचालन कार्य आरंभ होने की अनुमानित तिथि क्या है;

(ग) तिरुपति बस टर्मिनल में इस विश्व स्तरीय अवसंरचना के विकास के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है; और

(घ) शहर में भीड़भाड़ कम करने और अगले तीस वर्षों तक यात्री यातायात की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस परियोजना के महत्व को देखते हुए इसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"तिरुपति बस टर्मिनल अवसंरचना" के संबंध में श्री मड्डीला गुरूमूर्ति द्वारा पूछे गए दिनांक 13.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *210 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ) तिरुपति में इंटर-मॉडल स्टेशन (यात्री परिवहन टर्मिनल अवसंरचना) के लिए आधार मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा, हितधारकों से प्राप्त जानकारी के आधार पर डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है और आवागमन की सुगमता, यात्री सुरक्षा और जनता की सुविधा को बेहतर करने के लिए वैकल्पिक डिजाइन विकल्पों का विश्लेषण किया जा रहा है। डिजाइन को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात् परियोजना को तदनुसार राज्य सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड में शुरू किया जाएगा।

*****